संख्या-09/2022/1072 /63व0उ0-2022-8(एच)/2019

प्रेषक,

पी0 के0 पाण्डेय
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ, दिनांकः 22 सितम्बर, 2022**

विषयः- हथकरघा क्षेत्र के प्रशिक्षार्थियों को सहायता-छात्रवृत्ति और छात्र वेतन तथा संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1574/ह0क0/पुरस्कार/विकास/अनु0/2022-23 दिनांक 15.09.2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- आपके उक्त पत्र में किये गये प्रस्ताव के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-6, लेखाशीर्षक-2851-ग्राम तथा लघु उद्योग, 103-हथकरघा उद्योग की निम्नानुसार 02 मदों में वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाती है :-

क्रम	मानक मद का नाम	वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत की जा रही वित्तीय स्वीकृति।
1-	05-हथकरघा क्षेत्र के प्रशिक्षार्थियों को सहायता-21-छात्रवृत्ति और छात्र वेतन	रू0 15.00 लाख
2-	08-संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना-42-अन्य व्यय	रू0 19.85 लाख
	योगः- रूपया चौंतीस लाख, पच्चासी हजार मात्र।	रू0 34.85 लाख

3- उक्त स्वीकृति में से जिन मामलों में वित्तीय नियम संग्रहों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय। स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जाएगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। धनराशि का आहरण एकमुष्त न करके न्यूनतम तात्कालिक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

आवष्यकता के अनुसार किया जायेगा। उक्त धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर का होगा।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि रू0 34.85 लाख (रूपया चौंतीस लाख, पच्चासी हजार मात्र) को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-6 के अधीन लेखाशीर्षक- ''2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-103-हथकरघा उद्योग-05-हथकरघा क्षेत्र के प्रशिक्षार्थियों को सहायता-21-छात्रवृत्ति और छात्र वेतन एवं 08-संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना, 42-अन्य व्यय के नामें डाला जायेगा।

5- उक्त धनराशि व्यय करने में वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक 07-06-2022 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय,

पी0 के0 पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या-09/2022/1072 (1)/63व0उ0-2022 तद् दिनॉक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- मुख्य कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6/वित्त(बजट) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
4- गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

(पी0 के0 पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।